
# Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 04/02/2025 |
| Exam Time | 9:00 AM - 10:00 AM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |


Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** एक कागज को मोड़ने के क्रम और मोड़े गए कागज को काटने के तरीके को निम्नलिखित आकृतियों में दर्शाया गया है। खोलने पर यह कागज कैसा दिखाई देगा?




**Ans**


✔ 1.




✘ 2.



✘ 3.



✘ 4.



**Q.2** SBCF एक निश्चित तरीके से RADG से संबंधित है। NVMO उसी तरीके से MUNP से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, GUAX निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans**

✔ 1. FTBY

✘ 2. FRCY

✘ 3. FTCY

✘ 4. FTBZ

**Q.3** आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति 1 में - D, E, O और S बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति 2 में - F, A, R और M बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
इस प्रकार, पहली पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर है।
केवल D, E के बाईं ओर बैठा है। केवल R, A के बाईं ओर बैठा है। A और F के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। D और O के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है।
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प एक-दूसरे के सम्मुख बैठे दोनों व्यक्तियों को दर्शाता है?

**Ans**
- ✗ 1. E और R
- ✗ 2. E और A
- ✓ 3. E और M
- ✗ 4. E और F

**Q.4** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?


4 6 10 18 34 ?

**Ans**
- ✗ 1. 67
- ✓ 2. 66
- ✗ 3. 68
- ✗ 4. 65


**Q.5** सात व्यक्ति L, M, N, O, P, Q और R, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। M, P के ठीक बाईं ओर बैठा है। O, Q के ठीक बाईं ओर बैठा है। R, P के ठीक दाईं ओर तथा L के ठीक बाईं ओर बैठा है। N, L के ठीक दाईं ओर तथा O के ठीक बाईं ओर बैठा है। N के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?


**Ans**
- ✗ 1. Q
- ✗ 2. P
- ✗ 3. M
- ✓ 4. R


**Q.6** यदि दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन करें।





**Ans**


✗ 1. 

✓ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

**Q.7** एक पासे के फलकों पर अक्षर E, R, A, L, O और T अंकित हैं। दी गई आकृतियों में एक ही पासे की दो स्थितियाँ दर्शाई गई हैं। कौन-सा फलक, फलक E के विपरीत है?




**Ans**

✗ 1. L

✗ 2. O

✓ 3. R

✗ 4. A

**Q.8** अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर तार्किक रूप से श्रृंखला पूर्ण हो जाएगी।

_HKM O_NP RN_S UQT_ XTW_

**Ans**

1. JMRUX ✗
2. LMQUY ✗
3. JKRVX ✗
4. LKQVY ✓

**Q.9** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'BSGN' को '5-22-10-17' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'TAUE' को '23-4-24-8' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'PJDQ' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

**Ans**

1. 19-13-7-20 ✓
2. 15-11-5-19 ✗
3. 16-12-8-18 ✗
4. 17-13-6-20 ✗

**Q.10** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'JAMB' को '5139' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'BALM' को '9521' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'L' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**

1. 1 ✗
2. 9 ✗
3. 2 ✓
4. 5 ✗

**Q.11** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

208 190 163 127 82 ?

**Ans**

1. 28 ✓
2. 12 ✗
3. 45 ✗
4. 54 ✗

**Q.12** यदि शब्द GRACEFUL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**

1. एक ✗
2. एक का भी नहीं ✓
3. दो ✗
4. तीन ✗

**Q.13** एक निश्चित कूट भाषा में,

'X @ C' का अर्थ है कि 'X, C की पुत्री है',
'X $ C' का अर्थ है कि 'X, C का पति है',
'X = C' का अर्थ है कि 'X, C की माता है' और
'X * C' का अर्थ है कि 'X, C का पिता है'।

यदि 'N @ E $ J @ S' है, तो उपरोक्त के आधार पर J का N से क्या संबंध है?

**Ans**

1. माता ✓
2. पुत्री का पुत्र ✗
3. बहन ✗
4. बहन की पुत्री ✗

**Q.14** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**

✗ 1. HJL

✗ 2. NPR

✓ 3. SUV

✗ 4. FHJ


---

**Q.15** निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंधों को सबसे उचित ढंग से निरूपित करने वाले वेन आरेख का चयन कीजिए।


महिला, कार्डियोलॉजिस्ट, इंजीनियर

**Ans**


✓ 1.




✗ 2.



✗ 3.



✗ 4.



---

**Q.16** किसी तर्क के आधार पर, 'CLONE' को 'BLUKU' लिखा जाता है और 'BOUND' को 'AOAKT' लिखा जाता है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 'NICHE' को किस प्रकार लिखा जा सकता है?

**Ans**


✓ 1. MIIEU

✗ 2. NIIEU


✗ 3. MIIET


✗ 4. NIIET


**Q.17** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

---

**Q.18** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी गैबियन, दीवार हैं।
सभी कंक्रीट, दीवार हैं।
सभी पुल, दीवार हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ पुल, गैबियन हैं।
(II) कुछ कंक्रीट, पुल हैं।

**Ans**

✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

---

**Q.19** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

EHO HJP KLQ ? QPS

**Ans**

✗ 1. MNR

✗ 2. MMR

✓ 3. NNR

✗ 4. NMR

Q.20 यदि '÷' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

50 − 9 ÷ 1 + 63 × 7 = ?

Ans
- ✗ 1. 53
- ✗ 2. 52
- ✓ 3. 50
- ✗ 4. 51

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 के अंतर्गत परीक्षा के दौरान अनुचित व्यवहार या अपराध में शामिल व्यक्तियों के लिए निर्दिष्ट जुर्माना राशि कितनी है?

Ans
- ✗ 1. एक लाख रुपये तक
- ✓ 2. दस लाख रुपये तक
- ✗ 3. ग्यारह लाख रुपये तक
- ✗ 4. बीस लाख रुपये तक

Q.2 वार्षिक मामल्लपुरम नृत्य महोत्सव (Mamallapuram Dance Festival), जिसमें भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, मोहिनीअट्टम, ओडिसी और कथकली के प्रदर्शन शामिल हैं, _____ में आयोजित किया जाता है।

Ans
- ✗ 1. कर्नाटक
- ✗ 2. महाराष्ट्र
- ✗ 3. आंध्र प्रदेश
- ✓ 4. तमिलनाडु

Q.3 माइकल फैराडे ने विद्युत ट्रांसफार्मर और जनरेटर के पीछे के सिद्धांत, विद्युत चुम्बकीय प्रेरण की खोज कब की थी?

Ans
- ✗ 1. 1875
- ✗ 2. 1853
- ✗ 3. 1820
- ✓ 4. 1831

Q.4 भारतीय संविधान के भाग III में किसका उल्लेख किया गया है?

Ans
- ✓ 1. मौलिक अधिकार
- ✗ 2. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
- ✗ 3. नागरिकता
- ✗ 4. मौलिक कर्तव्य

Q.5 2 अक्टूबर 2022 को गांधी जयंती के रूप में महात्मा गांधी की ___________ जयंती मनाई गई।

Ans
- ✓ 1. 153वीं
- ✗ 2. 155वीं
- ✗ 3. 152वीं
- ✗ 4. 150वीं

Q.6 पृथ्वी पर दो सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान कौन-से हैं जहाँ एक वर्ष में 1,080 cm से अधिक वर्षा होती है?

Ans
- ✗ 1. पासीघाट और अगुम्बे
- ✓ 2. चेरापूंजी और मौसिनराम
- ✗ 3. गंगटोक और अंबोली
- ✗ 4. महाबलेश्वर और नेरियामंगलम

| | |
|---|---|
| Q.7 | हरित क्रांति, अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्र से संबंधित है? |
| Ans | ✔ 1. कृषि क्षेत्र<br>✗ 2. वित्तीय क्षेत्र<br>✗ 3. औद्योगिक क्षेत्र<br>✗ 4. सेवा क्षेत्र |

| | |
|---|---|
| Q.8 | निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से वाक्य सत्य है/हैं?<br><br>i. वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारतीय कृषि क्षेत्र की अनुमानित वृद्धि दर (projected growth rate) 5.5% थी।<br><br>ii. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, भारत का कृषि निर्यात लगभग 50.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।<br><br>iii. खरीफ विपणन सीजन (Kharif Marketing Season) 2021- 22 के दौरान, भारत में 581.7 लाख मीट्रिक टन चावल संग्रहित किया (procured) गया। |
| Ans | ✗ 1. केवल i<br>✔ 2. केवल ii और iii<br>✗ 3. केवल ii<br>✗ 4. केवल i और ii |

| | |
|---|---|
| Q.9 | भारत में पहले एशियाई खेल कहाँ आयोजित किये गये थे? |
| Ans | ✗ 1. पटियाला<br>✗ 2. चेन्नई<br>✔ 3. नई दिल्ली<br>✗ 4. ग्वालियर |

| | |
|---|---|
| Q.10 | भारत सरकार अधिनियम, 1919 का आधार बनी सिफ़ारिशों के पीछे प्रमुख व्यक्ति कौन-कौन थे? |
| Ans | ✗ 1. लॉर्ड लिनलिथगो और एडविन मोंटेगू<br>✗ 2. लॉर्ड इरविन और एडविन मोंटेगू<br>✔ 3. लॉर्ड चेम्सफोर्ड और एडविन मोंटेगू<br>✗ 4. लॉर्ड कर्जन और एडविन मोंटेगू |

| | |
|---|---|
| Q.11 | भारतीय संविधान के कौन-से अनुच्छेद संघ लोक सेवा आयोग से संबंधित हैं? |
| Ans | ✗ 1. अनुच्छेद 330 से 338<br>✔ 2. अनुच्छेद 315 से 323<br>✗ 3. अनुच्छेद 300 से 320<br>✗ 4. अनुच्छेद 210 से 219 |

| | |
|---|---|
| Q.12 | वह एक कर्नाटक प्रसिद्ध गायिका थीं, जो यूरोप, उत्तरी अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाई थीं। वह कौन थी? |
| Ans | ✔ 1. मदुरै शन्मुखवदिवु सुब्बुलक्ष्मी<br>✗ 2. आशा भोसले<br>✗ 3. बेगम अख्तर<br>✗ 4. लता मंगेशकर |

| | |
|---|---|
| Q.13 | निम्नलिखित में से कौन-सा खेल, 11वें एशियाई खेल बीजिंग 1990 में एक विधा (discipline) के रूप में शामिल किया गया था? |
| Ans | ✗ 1. वॉलीबॉल<br>✗ 2. स्क्वाश<br>✔ 3. कबड्डी<br>✗ 4. कुश्ती |

Q.14 भारत के राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति समीक्षा 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में बहुआयामी गरीबों का प्रतिशत सबसे अधिक है?

Ans
✔ 1. दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव
✘ 2. दिल्ली
✘ 3. पुदुचेरी
✘ 4. चंडीगढ़

Q.15 अगस्त 2024 में, सर्वोच्च न्यायालय को अलविदा कहने वाली महिला कौन है, जो तेलंगाना राज्य के लिए उच्च न्यायालय की प्रथम महिला मुख्य न्यायाधीश बनीं और भारतीय सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत होने वाली नौवीं महिला थी?

Ans
✔ 1. हिमा कोहली
✘ 2. कुट्टी रामेश्वरम
✘ 3. अदिति कपूर
✘ 4. उषा अय्यर

Q.16 प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना _______ से क्रियान्वित की जा रही है।

Ans
✘ 1. 2017
✔ 2. 2016
✘ 3. 2015
✘ 4. 2014

Q.17 निम्नलिखित में से किस पौधे को विशेष सहारे का उपयोग करके दीवारों पर चढ़ाया जा सकता है?

Ans
✔ 1. कद्दू के पौधे
✘ 2. सूरजमुखी के पौधे
✘ 3. गुलाब के पौधे
✘ 4. नींबू के पौधे

Q.18 तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961-1966) में उल्लेख की गई प्रमुख आर्थिक चुनौती क्या थी?

Ans
✔ 1. युद्धकालीन व्यय और संसाधन आवंटन
✘ 2. सेवा क्षेत्र का आरंभ करना
✘ 3. डिजिटल प्रौद्योगिकी उन्नति पर ध्यान केन्द्रित करना
✘ 4. अर्थव्यवस्था का उदारीकरण

Q.19 एनबीपीडबल्यू (NBPW), जिसे लौह युग का सबसे व्यापक मृदभांडकर्म (pottery) माना जा सकता है, का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
✔ 1. नॉर्दर्न ब्लैक पॉलिशड वेयर (Northern Black Polished Ware)
✘ 2. नॉर्दर्न ब्लू पॉलिशड वेयर (Northern Blue Polished Ware)
✘ 3. नॉर्दर्न ब्रोंज पॉलिशड वेयर (Northern Bronze Polished Ware)
✘ 4. नॉर्दर्न ब्राउन पॉलिशड वेयर (Northern Brown Polished Ware)

Q.20 संगीत अकादमी (Music Academy) से प्रतिष्ठित नाट्य कलानिधि पुरस्कार से सम्मानित लक्ष्मी विश्वनाथन किस नृत्य शैली के लिए प्रसिद्ध थी?

Ans
✘ 1. कथक
✔ 2. भरतनाट्यम
✘ 3. ओडिसी
✘ 4. कुचिपुड़ी

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

**Q.1** एक व्यक्ति 9 km/hr की चाल से कोलकाता से अहमदाबाद जाता है तथा उसी मार्ग से 18 km/hr की चाल से कोलकाता वापस आता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 8
- ✓ 2. 12
- ✗ 3. 15
- ✗ 4. 17

**Q.2** 210 m और 140 m लंबाई वाली दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में क्रमशः 80 km/h और 150 km/h की चाल से गतिमान हैं। पीछे से आ रही तेज चाल वाली रेलगाड़ी द्वारा दूसरी रेलगाड़ी को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

**Ans**
- ✓ 1. 0.3
- ✗ 2. 0.5
- ✗ 3. 2
- ✗ 4. 1

**Q.3** वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर विपुल ₹5400 की राशि का निवेश करता है और विजय ₹9400 की राशि का निवेश करता है। यदि 5 वर्ष के अंत में, विजय को विपुल से ₹840 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 4.2
- ✗ 2. 6.2
- ✗ 3. 3.2
- ✗ 4. 2.2

**Q.4** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(48 \div 8) \times \left\{\frac{49}{7} + \frac{40}{4} \times (7 - 3)\right\}\right]$$

**Ans**
- ✓ 1. 282
- ✗ 2. 284
- ✗ 3. 273
- ✗ 4. 286

**Q.5** दो संख्याएँ 4 : 9 के अनुपात में हैं। यदि उनका माध्यानुपाती 24 है, तो दोनों संख्याओं के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 25
- ✗ 2. 30
- ✗ 3. 15
- ✓ 4. 20

**Q.6** मंदार के दो पोते केतन और तुषार हैं। 11 वर्षीय केतन को मंदार की संपत्ति से कुछ धनराशि मिलती है और 12 वर्षीय तुषार को बाकी धनराशि मिलती है। लेकिन केतन और तुषार को धनराशि तभी मिलेगी जब वे 22 वर्ष के हो जाएंगे। तब तक धनराशि बैंक में जमा रहेगी और उस पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 8% वार्षिक दर पर ब्याज मिलेगा। जब दोनों 22 वर्ष के हो जाते हैं, तो उन्हें समान धनराशि मिलती है। यदि मंदार के पास कुल धनराशि ₹24700 थी, तो मंदार ने तुषार को शुरुआत में कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

**Ans**
- ✗ 1. 13175
- ✗ 2. 11875
- ✓ 3. 12825
- ✗ 4. 11625

**Q.7** 28, 60, 120 और 135 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 7560
- ✗ 2. 7608
- ✗ 3. 7626
- ✗ 4. 7569

Q.8 एक परीक्षा में, गणित के तीन पेपर, अंग्रेजी के दो पेपर और विज्ञान का एक पेपर था। सभी पेपर 100 अंकों के थे। S को गणित में 60%, अंग्रेजी में 70% और विज्ञान में 50% अंक मिले। सभी पेपर में उसके अंकों का प्रतिशत कितना था?

Ans
✔ 1. 61.67%
✘ 2. 61.33%
✘ 3. 60.67%
✘ 4. 60%

Q.9 एक विद्यार्थी को एक पुस्तक की खरीद पर निम्नलिखित चार ऑफर मिल रहे थे:
I - 20% और 20% की दो क्रमिक छूट
II - 25% और 15% की दो क्रमिक छूट
III - 30% और 10% की दो क्रमिक छूट
IV - 5% और 35% की दो क्रमिक छूट
कौन-सा ऑफर विद्यार्थी को सबसे अधिक छूट प्रदान करता है?

Ans
✔ 1. IV
✘ 2. I
✘ 3. II
✘ 4. III

Q.10 दो संख्याओं का HCF, 11 है और उनका योग 132 है। यदि दोनों संख्याएँ 42 से बड़ी हैं, तो दोनों संख्याओं के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 11
✘ 2. 18
✘ 3. 26
✔ 4. 22

Q.11 16 और 48 का तृतीयानुपाती कितना है?

Ans
✔ 1. 144
✘ 2. 121
✘ 3. 135
✘ 4. 169

Q.12 उस वस्तु का क्रय मूल्य क्या है जो 8% लाभ के साथ ₹1,566 में बेची जाती है?

Ans
✘ 1. ₹1,420
✘ 2. ₹1,400
✔ 3. ₹1,450
✘ 4. ₹1,390

Q.13 एक संख्या को पहले 15% घटाया जाता है और फिर 20% बढ़ाया जाता है। इस प्रकार प्राप्त संख्या, मूल संख्या से 78 अधिक है। मूल संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 2600
✘ 2. 5200
✘ 3. 4500
✔ 4. 3900

Q.14 A किसी कार्य को 32 दिनों में और B उसी कार्य को 48 दिनों में पूरा कर सकता है। वे 8 दिनों तक एक साथ कार्य करते हैं और फिर A कार्य करना छोड़ देता है। शेष कार्य का 60% भाग B कितने समय (दिन में) में पूरा करेगा?

Ans

✗ 1. $18\frac{2}{5}$

✗ 2. $17\frac{3}{7}$

✓ 3. $16\frac{4}{5}$

✗ 4. $19\frac{3}{4}$

Q.15 दो शंकुओं की ऊँचाइयों का अनुपात 4 : 3 है तथा उनके आधारों की त्रिज्याओं का अनुपात 1 : 2 है। उनके आयतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ 1. 1 : 3

✗ 2. 2 : 9

✗ 3. 2 : 5

✗ 4. 4 : 9

Q.16 पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 85% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 48% की वृद्धि हो?

Ans

✗ 1. 18%

✗ 2. 82%

✓ 3. 20%

✗ 4. 80%

Q.17 यदि समान ब्याज दर पर, 2 वर्ष में, साधारण ब्याज ₹42 तथा चक्रवृद्धि ब्याज ₹51 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ 1. 49

✗ 2. 53

✗ 3. 42

✗ 4. 44

Q.18 एक बेईमान दुकानदार अपने सामान को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है। हालाँकि, वह एक ऐसे बाट का उपयोग करता है जिसका वजन वास्तव में उस पर लिखे वजन से 46% कम है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. $84\frac{5}{27}\%$

✗ 2. $87\frac{10}{27}\%$

✗ 3. $86\frac{6}{27}\%$

✓ 4. $85\frac{5}{27}\%$

Q.19 गोपाल, अक्षय और अतुल का औसत भार 46 kg है। यदि गोपाल और अक्षय का औसत भार 40 kg है तथा अक्षय और अतुल का औसत भार 45 kg है, तो अक्षय का भार (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 32 ✔
2. 47 ✘
3. 42 ✘
4. 52 ✘

Q.20 चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जो 15, 25, 40 और 75 से पूर्णतः विभाज्य हो।

Ans
1. 9975 ✘
2. 9999 ✘
3. 9600 ✔
4. 9960 ✘

## Section : Part-D-English

Q.1 Select the option that rectifies the underlined spelling error.

The students had to write an essay for their <u>asignment</u>.

Ans
1. assignmant ✘
2. assignment ✔
3. essignment ✘
4. asignmant ✘

Q.2 Identify the sentence with the INCORRECTLY spelt word.

Ans
1. The bakery makes delicious pastries every day. ✘
2. The students wrote an interesting essey on the topic. ✔
3. The film was praised for its stunning cinematography. ✘
4. The scientist presented his findings at the conference. ✘

Q.3 Select the most appropriate ANTONYM of the word in brackets to fill in the blank.

The widespread ______________________(destruction) of the natural world threatens the food we eat, the water we drink and the air we breathe.

Ans
1. contribution ✘
2. creation ✔
3. choice ✘
4. condition ✘

Q.4 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Flaunt

Ans
1. Hide ✔
2. Open ✘
3. Parade ✘
4. Wide ✘

Q.5 Select the most appropriate option to fill in the blank.

We will complete the project _________ without external help.

Ans
1. themselves
2. itself
3. oneself
4. ourselves

Q.6 Select the correct collocation to fill in the blank.

The teacher gave the students ______ instructions before the exam.

Ans
1. strong
2. clear
3. great
4. careful

Q.7 Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined segment in the given sentence.

When it comes to cooking, she can really think <u>creatively and unconventionally</u> to create unique dishes that surprise everyone.

Ans
1. outside the wire
2. outside the canvas
3. outside the law
4. outside the box

Q.8 Select the most appropriate option to fill in the blank.
It is a sin against God and humanity to ________ places of religious worship.

Ans
1. desecrate
2. upright
3. modest
4. disapprove

Q.9 The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.

Alka had been writing / to her boss until she realises / that he was not interested in resolving her issues.

Ans
1. Alka had been writing
2. to her boss until she realises
3. that he was not interested in resolving her issues
4. No error

Q.10 Select the most appropriate synonym of the given word.

Broad

Ans
1. Wide
2. Small
3. Exact
4. Particular

**Q.11** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The dog ran _____ the garden chasing the cat.**

**Ans**
- ✗ 1. between
- ✗ 2. at
- ✓ 3. across
- ✗ 4. on

**Q.12** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Grey _____ is no sure sign of attaining wisdom.**

**Ans**
- ✗ 1. hare
- ✗ 2. heir
- ✗ 3. air
- ✓ 4. hair

**Q.13** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Arrogant**

**Ans**
- ✓ 1. Humble
- ✗ 2. Clumsy
- ✗ 3. Average
- ✗ 4. Creepy

**Q.14** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**(A) He spoke passionately about his favourite book, / (B) articulating his thoughts clear / (C) and engaging everyone in a lively discussion / (D) about its themes.**

**Ans**
- ✗ 1. C
- ✗ 2. D
- ✗ 3. A
- ✓ 4. B

**Q.15** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Man of straw**

**Ans**
- ✗ 1. A situation like a close contest
- ✗ 2. A child of a celebrity or a famous person
- ✓ 3. A person who is disregarded as lacking character or morality
- ✗ 4. A combination of two people that is perfect in every way

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

There is a (1)__________ sense of freedom about being alone in a carriage that is jolting noisily through the night. It is liberty unrestrained in a very (2)________ form. You can do anything you like. You can talk to (3)__________ as loud as you please and no one will hear you. You can have that argument out with Jones and roll him triumphantly in the dust (4)___________ fear of a counterstroke. You can stand on your head and no one will see you. You can sing or dance a two-step or practise a golf stroke, (5)_____________ play marbles on the floor without let or hindrance.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank no 1.**

**Ans**
- ✗ 1. contemptuous
- ✗ 2. tedious
- ✓ 3. pleasant
- ✗ 4. baleful

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

There is a (1)__________ sense of freedom about being alone in a carriage that is jolting noisily through the night. It is liberty unrestrained in a very (2)________ form. You can do anything you like. You can talk to (3)__________ as loud as you please and no one will hear you. You can have that argument out with Jones and roll him triumphantly in the dust (4)___________ fear of a counterstroke. You can stand on your head and no one will see you. You can sing or dance a two-step or practise a golf stroke, (5)_____________ play marbles on the floor without let or hindrance.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank no 2.**

**Ans**
- ✗ 1. humour
- ✗ 2. miserable
- ✗ 3. detestable
- ✓ 4. agreeable

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

There is a (1)__________ sense of freedom about being alone in a carriage that is jolting noisily through the night. It is liberty unrestrained in a very (2)________ form. You can do anything you like. You can talk to (3)__________ as loud as you please and no one will hear you. You can have that argument out with Jones and roll him triumphantly in the dust (4)___________ fear of a counterstroke. You can stand on your head and no one will see you. You can sing or dance a two-step or practise a golf stroke, (5)_____________ play marbles on the floor without let or hindrance.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank no 3.**

**Ans**
- ✗ 1. herself
- ✗ 2. ourselves
- ✓ 3. yourself
- ✗ 4. himself

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

There is a (1)__________ sense of freedom about being alone in a carriage that is jolting noisily through the night. It is liberty unrestrained in a very (2)________ form. You can do anything you like. You can talk to (3)__________ as loud as you please and no one will hear you. You can have that argument out with Jones and roll him triumphantly in the dust (4)___________ fear of a counterstroke. You can stand on your head and no one will see you. You can sing or dance a two-step or practise a golf stroke, (5)_____________ play marbles on the floor without let or hindrance.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank no 4.**

**Ans**
- ✓ 1. without
- ✗ 2. for
- ✗ 3. with
- ✗ 4. in

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

There is a (1)__________ sense of freedom about being alone in a carriage that is jolting noisily through the night. It is liberty unrestrained in a very (2)________ form. You can do anything you like. You can talk to (3)__________ as loud as you please and no one will hear you. You can have that argument out with Jones and roll him triumphantly in the dust (4)___________ fear of a counterstroke. You can stand on your head and no one will see you. You can sing or dance a two-step or practise a golf stroke, (5)_____________ play marbles on the floor without let or hindrance.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank no 5.**

**Ans**
- ✗ 1. yet
- ✗ 2. because
- ✗ 3. but
- ✓ 4. or

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **'खिन्न' का विलोम शब्द नीचे दिए विकल्पों में से चुनिए-**

**Ans**
- ✗ 1. अप्रसन्न
- ✓ 2. प्रसन्न
- ✗ 3. मलाल
- ✗ 4. दुखी

**Q.2** **'तोता उड़कर पेड़ की ________ ।'**
**निम्नलिखित में से 'देशज' शब्द युक्त विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण करें।**

**Ans**
- ✗ 1. शाखा पर बैठ गया
- ✗ 2. टहनी पर बैठ गया
- ✓ 3. फुनगी पर बैठ गया
- ✗ 4. डाल पर बैठ गया

**Q.3** **निम्न वाक्य में किस पद पर त्रुटि है ? पहचानिए।**
**मेले में विद्यार्थियों की कई टोलीयाँ थीं।**

**Ans**
- ✓ 1. टोलीयाँ
- ✗ 2. मेले में
- ✗ 3. कई
- ✗ 4. विद्यार्थियों की

**Q.4** **निम्नलिखित में से बहुवचन से संबंधित वाक्य है-**

**Ans**
- ✗ 1. प्रेम तुम्हारे मामा हैं।
- ✗ 2. देवराज अत्यंत वीर है।
- ✗ 3. वह एक दाता है।
- ✓ 4. प्रेम और हरि तुम्हारे मामा हैं।

**Q.5** **रिक्त स्थान की पूर्ति सार्थक- निरर्थक शब्द युग्म से करें-**

**जीवन में हमेशा मनुष्य को... रास्ते से गुजरना पड़ता है।**

**Ans**
- ✗ 1. सुगम
- ✗ 2. ऊपर- नीचे
- ✗ 3. चलते- फिरते
- ✓ 4. टेढ़े -मेढ़े

Q.6 'विष्णु' के लिए पर्यायवाची शब्द होगा-

Ans
✗ 1. नागेंद्र
✗ 2. राकेश
✓ 3. जनार्दन
✗ 4. नागेश

Q.7 निम्नलिखित में से विशेषण युक्त पद नहीं है।

Ans
✗ 1. ऊँचा मकान
✗ 2. मोटा लड़का
✗ 3. लाल कपड़ा
✓ 4. उत्तर चढ़ाव

Q.8 मेरे परीक्षा में अच्छे <u>अंक</u> आए हैं। वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित एकार्थी शब्द के लिए उचित विकल्प है

Ans
✗ 1. नाटक के अंक
✓ 2. गिनती के अंक
✗ 3. भाग्य
✗ 4. अध्याय

Q.9 'अनन्या स्नेहा को पत्र लिख रही है |' प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग कर इस वाक्य को लिखिए -

Ans
✓ 1. अनन्या स्नेहा से पत्र लिखवाती है |
✗ 2. अनन्या स्नेहा को पत्र लिखेगी |
✗ 3. अनन्या स्नेहा को पत्र लिख रही थी |
✗ 4. अनन्या स्नेहा को पत्र लिख सकती है |

Q.10 निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन करें, जिस में उचित मुहावरे का प्रयोग नहीं किया गया है -

Ans
✓ 1. तुमने मेरा इतना पैसा ले रखा है, लेकिन मुझे देखते ही कनी चाटने लगते हो।
✗ 2. मैंने तो काम करने के लिए कमर कस ली है, अब सब कुछ करना है अपने परिवार के लिए|
✗ 3. मैं चाहे कब्र खोदकर इतना पैसा लाऊँ, तुमसे क्या मतलब? तुम तो यह ज़मीन बेचने के लिए मान जाओ बस।
✗ 4. तुमने मेरा इतना नुक्सान किया है, अब मैंने भी तुम्हारे कपड़े न उतरवा लिए तो मेरा नाम नहीं।

Q.11 'छ: महीने का समय'
उपरोक्त वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-

Ans
✗ 1. छठी
✗ 2. छठवाँ
✗ 3. छमाई
✓ 4. छमाही

Q.12 निम्नलिखित वाक्यांश हेतु सार्थक शब्द की पहचान करें।
जिसकी उपमा नहीं दी जा सके

Ans
✗ 1. अनादि
✗ 2. अनन्य
✗ 3. उपमा
✓ 4. अनुपम

Q.13 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –

Ans
✗ 1. मैं प्रात: काल के समय पढ़ता हूँ |
✓ 2. मेरे पास केवल एक घड़ी है |
✗ 3. इसके बाद क्या हुआ ?
✗ 4. यह कैसे संभव हो सकता है |

Q.14 **यह वस्तु ग्राह्य है।**

**उपरोक्त वाक्य में 'ग्राह्य' शब्द का विलोम चयन कीजिए।**

Ans
1. भोज्य
2. आर्य
3. अनाग्रह
4. त्याज्य

Q.15 **इनमें से किस वाक्य में त्रुटि नहीं है?**

Ans
1. तुम्हारा गाँव किसका है?
2. मोहन का व्यवहार अच्छा नहीं है।
3. आपकी बातें बहुत मीठा है।
4. मोहन का व्यवहार अच्छी नहीं है।

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

एक युवक पत्थर की बेंच पर बैठकर टिफिन खाता हुआ। उससे कुछ दूर एक उम्रदराज मगर तंदुरुस्त आदमी शहनाई जैसा _____(1) - बैगपाइपर (bagpiper) बजा रहा था। उसने काला लबादा गाउन पहन रखा ____(2)। कपड़े-जूते ठीक-ठाक पहन रखे थे। हैट भी लगा रखा था। उसके सामने जमीन पर काठ और कपड़ों का बना संदूकनुमा बाक्स था। बाक्स में कुछ सिक्के थे। वह खड़ा होकर वाद्य ______(3) रहा था। उसके गाल वाद्य बजाने के कारण फूल-फूल जा रहे थे जैसे हमारे यहाँ भी शहनाई बजाते समय या शंख फूँकते समय। लोग उसके सामने से अदब (4) से गुजर रहे थे। एक-दो लोगों ने उसे अभिवादन भी किया। कुछ लोग करीब जाते और झुककर बाक्स में पेंस (सिक्के) डाल देते। दूर से फेंकता कोई नहीं था। वह एक भिखारी था लेकिन यहाँ उसे स्ट्रीट आर्टिस्ट (सड़क कलाकार) कहा जाता है। भिक्षा या दान भी यहाँ कला के माध्यम से लिया जाता है। कोई माँगता या गुहार नहीं लगाता। या तो चुप बैठा रहता है या संगीत कला या गायन के माध्यम से वह लोगों का ध्यान आकृष्ट करता है। यह दृश्य मुझे सुखद विस्मय से भर गया। मैं देर तक उसे वाद्य बजाते देखता-सुनता रहा। पास में पेन्स (सिक्के) (5) न होने का अफसोस हुआ। भिक्षा के लिए यहाँ हाथ फैलाने की परंपरा नहीं है।

**SubQuestion No : 16**

Q.16 **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**उससे कुछ दूर एक उम्रदराज मगर तंदुरुस्त आदमी शहनाई जैसा ____ (1)- बैगपाइपर (bagpiper) बजा रहा था।**

Ans
1. बाज्य
2. वाद्य
3. तरह का
4. समान

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

एक युवक पत्थर की बेंच पर बैठकर टिफिन खाता हुआ। उससे कुछ दूर एक उम्रदराज मगर तंदुरुस्त आदमी शहनाई जैसा _____(1) - बैगपाइपर (bagpiper) बजा रहा था। उसने काला लबादा गाउन पहन रखा ____(2)। कपड़े-जूते ठीक-ठाक पहन रखे थे। हैट भी लगा रखा था। उसके सामने जमीन पर काठ और कपड़ों का बना संदूकनुमा बाक्स था। बाक्स में कुछ सिक्के थे। वह खड़ा होकर वाद्य ______(3) रहा था। उसके गाल वाद्य बजाने के कारण फूल-फूल जा रहे थे जैसे हमारे यहाँ भी शहनाई बजाते समय या शंख फूँकते समय। लोग उसके सामने से अदब (4) से गुजर रहे थे। एक-दो लोगों ने उसे अभिवादन भी किया। कुछ लोग करीब जाते और झुककर बाक्स में पेंस (सिक्के) डाल देते। दूर से फेंकता कोई नहीं था। वह एक भिखारी था लेकिन यहाँ उसे स्ट्रीट आर्टिस्ट (सड़क कलाकार) कहा जाता है। भिक्षा या दान भी यहाँ कला के माध्यम से लिया जाता है। कोई माँगता या गुहार नहीं लगाता। या तो चुप बैठा रहता है या संगीत कला या गायन के माध्यम से वह लोगों का ध्यान आकृष्ट करता है। यह दृश्य मुझे सुखद विस्मय से भर गया। मैं देर तक उसे वाद्य बजाते देखता-सुनता रहा। पास में पेन्स (सिक्के) (5) न होने का अफसोस हुआ। भिक्षा के लिए यहाँ हाथ फैलाने की परंपरा नहीं है।

**SubQuestion No : 17**

Q.17 **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**उसने काला लबादा गाउन पहन रखा ____(2)।**

Ans
1. था
2. हैं
3. थी
4. थीं

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

एक युवक पत्थर की बेंच पर बैठकर टिफिन खाता हुआ। उससे कुछ दूर एक उम्रदराज मगर तंदुरुस्त आदमी शहनाई जैसा _____(1) - बैगपाइपर (bagpiper) बजा रहा था। उसने काला लबादा गाउन पहन रखा ____(2)। कपड़े-जूते ठीक-ठाक पहन रखे थे। हैट भी लगा रखा था। उसके सामने जमीन पर काठ और कपड़ों का बना संदूकनुमा बाक्स था। बाक्स में कुछ सिक्के थे। वह खड़ा होकर वाद्य ______(3) रहा था। उसके गाल वाद्य बजाने के कारण फूल-फूल जा रहे थे जैसे हमारे यहाँ भी शहनाई बजाते समय या शंख फूँकते समय। लोग उसके सामने से अदब (4) से गुजर रहे थे। एक-दो लोगों ने उसे अभिवादन भी किया। कुछ लोग करीब जाते और झुककर बाक्स में पेंस (सिक्के) डाल देते। दूर से फेंकता कोई नहीं था। वह एक भिखारी था लेकिन यहाँ उसे स्ट्रीट आर्टिस्ट (सड़क कलाकार) कहा जाता है। भिक्षा या दान भी यहाँ कला के माध्यम से लिया जाता है। कोई माँगता या गुहार नहीं लगाता। या तो चुप बैठा रहता है या संगीत कला या गायन के माध्यम से वह लोगों का ध्यान आकृष्ट करता है। यह दृश्य मुझे सुखद विस्मय से भर गया। मैं देर तक उसे वाद्य बजाते देखता-सुनता रहा। पास में पेन्स (सिक्के) (5) न होने का अफसोस हुआ। भिक्षा के लिए यहाँ हाथ फैलाने की परंपरा नहीं है।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**वह खड़ा होकर वाद्य _____ (3) रहा था।**

**Ans**

✔ 1. बजा

✘ 2. चल

✘ 3. रो

✘ 4. गा

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

एक युवक पत्थर की बेंच पर बैठकर टिफिन खाता हुआ। उससे कुछ दूर एक उम्रदराज मगर तंदुरुस्त आदमी शहनाई जैसा _____(1) - बैगपाइपर (bagpiper) बजा रहा था। उसने काला लबादा गाउन पहन रखा ____(2)। कपड़े-जूते ठीक-ठाक पहन रखे थे। हैट भी लगा रखा था। उसके सामने जमीन पर काठ और कपड़ों का बना संदूकनुमा बाक्स था। बाक्स में कुछ सिक्के थे। वह खड़ा होकर वाद्य ______(3) रहा था। उसके गाल वाद्य बजाने के कारण फूल-फूल जा रहे थे जैसे हमारे यहाँ भी शहनाई बजाते समय या शंख फूँकते समय। लोग उसके सामने से अदब (4) से गुजर रहे थे। एक-दो लोगों ने उसे अभिवादन भी किया। कुछ लोग करीब जाते और झुककर बाक्स में पेंस (सिक्के) डाल देते। दूर से फेंकता कोई नहीं था। वह एक भिखारी था लेकिन यहाँ उसे स्ट्रीट आर्टिस्ट (सड़क कलाकार) कहा जाता है। भिक्षा या दान भी यहाँ कला के माध्यम से लिया जाता है। कोई माँगता या गुहार नहीं लगाता। या तो चुप बैठा रहता है या संगीत कला या गायन के माध्यम से वह लोगों का ध्यान आकृष्ट करता है। यह दृश्य मुझे सुखद विस्मय से भर गया। मैं देर तक उसे वाद्य बजाते देखता-सुनता रहा। पास में पेन्स (सिक्के) (5) न होने का अफसोस हुआ। भिक्षा के लिए यहाँ हाथ फैलाने की परंपरा नहीं है।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्न चिन्हित शब्द का विपरीत शब्द पहचानें।**
**लोग उसके सामने से <u>अदब</u> (4) से गुजर रहे थे।**

**Ans**

✘ 1. बुरा अदब

✔ 2. बेअदब

✘ 3. नज़रअंदाज़

✘ 4. बैअदब

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

एक युवक पत्थर की बेंच पर बैठकर टिफिन खाता हुआ। उससे कुछ दूर एक उम्रदराज मगर तंदुरुस्त आदमी शहनाई जैसा _____(1) - बैगपाइपर (bagpiper) बजा रहा था। उसने काला लबादा गाउन पहन रखा ____(2)। कपड़े-जूते ठीक-ठाक पहन रखे थे। हैट भी लगा रखा था। उसके सामने जमीन पर काठ और कपड़ों का बना संदूकनुमा बाक्स था। बाक्स में कुछ सिक्के थे। वह खड़ा होकर वाद्य ______(3) रहा था। उसके गाल वाद्य बजाने के कारण फूल-फूल जा रहे थे जैसे हमारे यहाँ भी शहनाई बजाते समय या शंख फूँकते समय। लोग उसके सामने से अदब (4) से गुजर रहे थे। एक-दो लोगों ने उसे अभिवादन भी किया। कुछ लोग करीब जाते और झुककर बाक्स में पेंस (सिक्के) डाल देते। दूर से फेंकता कोई नहीं था। वह एक भिखारी था लेकिन यहाँ उसे स्ट्रीट आर्टिस्ट (सड़क कलाकार) कहा जाता है। भिक्षा या दान भी यहाँ कला के माध्यम से लिया जाता है। कोई माँगता या गुहार नहीं लगाता। या तो चुप बैठा रहता है या संगीत कला या गायन के माध्यम से वह लोगों का ध्यान आकृष्ट करता है। यह दृश्य मुझे सुखद विस्मय से भर गया। मैं देर तक उसे वाद्य बजाते देखता-सुनता रहा। पास में पेन्स (सिक्के) (5) न होने का अफसोस हुआ। भिक्षा के लिए यहाँ हाथ फैलाने की परंपरा नहीं है।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **उपलब्ध विकल्पों में से कौनसा विकल्प निम्नलिखित वाक्य के चिन्हित शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है?**
**पास में पेन्स (<u>सिक्के</u>) (5) न होने का अफसोस हुआ।**

**Ans**

✔ 1. रूपक

✘ 2. मुद्रा

✘ 3. धाक

✘ 4. टंक